शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अन्सारी नगर, नई दिल्ली-११००२९ (भारत)
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
ANSARI NAGAR, NEW DELHI - 110029 (INDIA)

दिनांक/Dated : 13.09.2025

## 'संदेश'

**"हम सबका अभिमान है हिंदी
भारत देश की शान है हिंदी"**

संस्थान के सभी संकाय सदस्यों/अधिकारियों/कर्मचारियों को "हिंदी दिवस" की हार्दिक शुभकामनाएं।

जैसा कि आप सभी को विदित है कि हम प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को "हिंदी दिवस" के रूप में मनाते हैं। 14 सितंबर, 1949 ही वह दिन था, जिस दिन भारत की संविधान सभा ने हिंदी भाषा को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। तभी से यह ऐतिहासिक दिवस हमारे लिए विशेष महत्व रखता है।

हिंदी, देश के अधिकांश भू-भाग में बोली और समझी जाने वाली सरल एवं समृद्ध भाषा है। इसकी लिपि वैज्ञानिक है तथा यह जैसे लिखी जाती है, वैसे ही बोली जाती है। यह एक ऐसी सशक्त सम्पर्क भाषा है, जिसने हमारे विशाल बहुभाषी राष्ट्र के नागरिकों को एक सूत्र में पिरोने में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यही वजह है कि हम सब भी हिंदी दिवस के अवसर पर अपना अधिक से अधिक सरकारी कामकाज बिना झिझक के हिंदी में करने का संकल्प लें।

मैं इस अवसर पर अपने संस्थान के सभी संकाय-सदस्यों, अधिकारियों एवं स्टाफ-सदस्यों से यह अनुरोध करना चाहूँगा कि वे संस्थान में रोजमर्रा के सरकारी काम-काज में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाएं तथा जहां तक संभव हो टिप्पणियों एवं मसौदे आदि को हिंदी में तैयार करने का प्रयास करें। जन-जन तक "स्वास्थ्य" पहुंचाने के हमारे लक्ष्य के लिए हिंदी एक प्रभावशाली माध्यम है। अतः इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हम संयुक्त रूप से प्रयास करें और एकजुट होकर अपना बहुमूल्य योगदान दें। जिसमें हम अधिक से अधिक सरकारी काम-काज को हिंदी में कर सकें।

श्रीनिवास

(प्रो. एम. श्रीनिवास)
निदेशक

सभी विभाग/अनुभाग/केंद्र

दूरभाष : २६५८८५००, २६५८८७०० Telephones : 26588500, 26588700 फैक्स : २६५८८६४१, २६५८८६६३ Fax : 26588641, 26588663